**राजस्व महा–अभियान के संचालन के निमित्त जिला/क्षेत्रीय स्तर पर की गयी तैयारियों की समीक्षा हेतु सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–07.08.2025 को अपर समाहर्त्ताओं के साथ आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

राजस्व महा–अभियान के संचालन के निमित्त जिला/क्षेत्रीय स्तर पर की गयी तैयारियों की समीक्षा हेतु सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी अपर समाहर्त्ताओं के साथ दिनांक–07.08.2025 को विडियों कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में प० चम्पारण को छोड़कर सभी जिलों के अपर समाहर्त्ता अथवा राजस्व प्रभारी के द्वारा भाग लिया गया। अपर समाहर्त्ता, प० चम्पारण से दूरभाष पर सूचना/प्रतिवेदन प्राप्त की गयी है।

बैठक में राजस्व महा–अभियान की तैयारी हेतु कुल–10 एजेंडा तथा कृषि गणना फेज–3 के क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी एवं सभी जिलों से एजेंडावार तैयारियों की समीक्षा की गयी। राजस्व महा–अभियान हेतु जिला स्तर से एजेंडावार की गयी कार्रवाई निम्नवत् है :–

(1) **जिला स्तरीय प्रशिक्षण** – बैठक में उपस्थित सभी जिलों के अपर समाहर्त्ता/राजस्व प्रभारी द्वारा अपने जिला में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण कर लिए जाने की सूचना दी गई है। अपर समाहर्त्ता, गया द्वारा बताया गया कि गया जिला में आज जिला स्तरीय़ प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है।

(2) **अंचल स्तरीय प्रशिक्षण** – सभी जिला के अपर समाहर्त्ता/राजंस्व प्रभारी द्वारा यह बताया गया है कि अंचल स्तरीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम संचालित है। प्राप्त सूचनानुसार दिनांक–09.08.2025 तक सभी जिलों में अंचल स्तरीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा।

(3) **जिला एवं अंचल मुख्यालय में होर्डिंग लगाना** – अधिकांश जिलों के अपर समाहर्त्ता/राजस्व प्रभारी द्वारा यह सूचित किया गया है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से समन्वय स्थापित कर दिनांक–08.08.2025 सभी जिला एवं अंचल मुख्यालय में होर्डिंग लगा दिया जाएगा।

(4) **पंचायत स्तर पर माईकिंग से प्रचार** – बैठक के दौरान हीं माईकिंग से प्रचार–प्रसार हेतु सामग्री सभी अपर समाहर्त्ता को प्रेषित कर दी गयी है। उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा यह सूचित किया गया है कि आज से कल तक माईकिंग से प्रचार–प्रसार की व्यवस्था प्रारम्भ कर दी जाएगी।

(5) **अंचल स्तरीय माईक्रो प्लान** – बैठक में उपस्थित अधिकांश पदाधिकारियों द्वारा यह प्रतिवेदित किया गया है कि अंचल स्तर पर माईक्रो प्लान तैयार किया जा रहा है। **अररिया, भोजपुर, मुंगेर, बक्सर, खगड़िया, मधेपुरा, शेखपुरा एवं नालन्दा** में पूर्ण अथवा आंशिक रूप से (कुछ अंचलों का) माईक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। सभी जिलों को यथाशीघ्र माईक्रो प्लान तैयार कराने तथा जिला स्तर पर अवलोकन कर आवश्यकतानुसार अपेक्षित सुधार कराते हुए विभाग द्वारा निर्गत कैलेण्डर के अनुरूप महा–अभियान पोर्टल पर अपलोड कराने का निदेश दिया गया।

(6) **जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग** – औरंगाबाद, खगड़िया, लखीसराय, मधेपुरा, पटना, सहरसा, शिवहर, प० चम्पारण एवं वैशाली को छोड़कर शेष सभी जिला में जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन

पूर्ण किये जाने की सूचना दी गयी है। उपरोक्त वर्णित जिलों के अपर समाहर्त्ता द्वारा यह सूचित किया गया है कि एक से दो दिन के अन्दर जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर लिया जाएगा।

(7) **अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण कोषांग** – अररिया, औरंगाबाद, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, पटना, सहरसा, शिवहर, प0 चम्पारण एवं वैशाली को छोड़कर शेष सभी जिलों में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन किया गया है। एक से दो दिन के अन्दर सभी जिलों द्वारा अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन पूर्ण कर लिये जाने की सूचना दी गयी।

(8) **अंचल स्तरीय अनुश्रवण कोषांग** – अररिया, औरंगाबाद, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, पटना, सहरसा, शिवहर, प0 चम्पारण, दरभंगा एवं वैशाली को छोड़कर शेष सभी जिलों में अंचल स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर लिया गया है। एक से दो दिन के अन्दर सभी जिलों द्वारा अंचल स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन पूर्ण कर लिये जाने की सूचना दी गयी।

(9) **हल्का स्तरीय अनुश्रवण कोषांग** – कुछेक जिला यथा–अरवल, औरंगाबाद, पू0 चम्पारण, गोपालगंज, नवादा, सहरसा, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल एवं वैशाली द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि अंचल अधिकारी के स्तर से हल्का स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन किया गया है। सभी जिलों को यह निदेश दिया गया है कि यथाशीघ्र हल्का स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन पूर्ण कर लिया जाए।

(10) **पैम्फलेट, फॉर्म एवं जमाबंदी पंजी का मुद्रण** – बैठक में उपस्थित सभी जिलों के अपर समाहर्त्ता/राजस्व प्रभारी के द्वारा यह सूचित किया गया है कि पैम्फलेट एवं फॉर्म का मुद्रण कराया जा रहा है तथा जमाबंदी पंजी का PDF डाउनलोड किया जा रहा है। जमाबंदी डाउनलोड करने के उपरान्त इसका मुद्रण ससमय करा लिया जाएगा। कुछेक जिलों द्वारा जमाबंदी का मुद्रण भी प्रारम्भ किये जाने की सूचना दी गयी है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया है कि जमाबंदी पंजी का PDF डाउनलोड करने एवं उसका मुद्रण करने की कार्रवाई साथ–साथ की जाए।

(11) **कृषि गणना** – बैठक में उपस्थित सभी जिलों के अपर समाहर्त्ता/राजस्व प्रभारी द्वारा यह सूचित किया गया है कि उनके जिला में कृषि गणना फेज–3 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अपर समाहर्त्ता, रोहतास द्वारा दो अंचलों में कृषि गणना का कार्य बाकी होने की सूचना दी गयी है। अपर समाहर्त्ता, कैमूर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि तकनीकी समस्या की वजह से भगवानपुर अंचल में कृषि गणना फेज–3 का कार्य लंबित है। विभागीय आई0टी0 मैनेजर को उक्त तकनीकी समस्या के निराकरण करने का निदेश दिया गया।

(12) **अन्यान्य** – कतिपय जिलों के अपर समाहर्त्ता द्वारा यह सूचित किया गया है कि उनके जिला में जमाबंदी पंजी के PDF को डाउनलोड करने में तकनीकी समस्या आ रही है। कुछेक जिलों में उपलब्ध जमाबंदी की संख्या से बहुत कम जमाबंदी प्रदर्शित हो रही है। बैठक में उक्त तकनीकी समस्या के समाधान हेतु विभागीय आई0टी0 मैनेजर को निदेशित किया गया है। साथ ही, बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को यह निदेशित किया गया है कि यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या परिलक्षित होने पर उसे Whatsapp Group में Share किया जाय, ताकि ससमय उसका निराकरण किया जा सके।

परिलक्षित होने पर उसे Whatsapp Group में Share किया जाय, ताकि ससमय उसका निराकरण किया जा सके।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया कि राजस्व महा–अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों/तैयारियों को ससमय पूर्ण कर लिया जाय। साथ ही, अंचल स्तर पर की जा रही कार्रवाई का जिला स्तर से प्रतिदिन अनुश्रवण किया जाय। विभाग स्तर से नामित नोडल पदाधिकारियों को भी यह निदेश दिया गया कि वे संबंधित जिला से समन्वय स्थापित कर राजस्व महा–अभियान के क्रियान्वयन हेतु की जा रही कार्रवाई/तैयारियों की सतत् समीक्षा करें।

इसके साथ ही सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

8/8/25
(जय सिंह)
सचिव

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक– 9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025 (9A)/रा0, दिनांक–......................

प्रतिलिपिः– सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी अनुमंडल पदाधिकारी, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार/सभी अंचल अधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(डॉ0 सुनील कुमार),
सरकार के उप सचिव।

EMAIL

ज्ञापांक– 9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025 2904–(9A)/रा0, दिनांक–08/8/25

प्रतिलिपिः– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/निदेशक, भू–अर्जन/निदेशक, चकबंदी/**राजस्व महा–अभियान हेतु गठित अनुश्रवण कोषांग** के सभी पदाधिकारी/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

08.08.25
(डॉ0 सुनील कुमार),
सरकार के उप सचिव।